हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 जून 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 शिक्षा दिलाती है मानसिक गुलामी से आजादी : अजय



14 सब्जी बाजारों में अव्यवस्था से नाराजगी सुरक्षा एवं ...



## खबर संक्षेप

### खाद बीज की कमी पर कांग्रेस का आज प्रदर्शन





**अंवरी।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा सहकारी सोसाइटी में खाद बीज की कमी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर गांधी प्रतिमा स्थल भखारा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी नीशु चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, तारिणी चंद्राकर पूर्व जिपं सदस्य, शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरूद, भरत नहर जिला उपाध्यक्ष, गोविंद साहू पूर्व जिपं सदस्य, तपन चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने उपस्थिति की अपील की है।

### बेबी किट का वितरण 1 जुलाई को

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा द्वारा 1 जुलाई को जिला अस्पताल में सुबह 11 बजे बेबी किट का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, सचिव निलेश लुंकड़ ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल संस्था को 50 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 1 एवं 2 जुलाई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेबी किट वितरण कार्यक्रम सभी शाखा द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि धमतरी शाखा नियमित रूप से प्रति माह बेबी किट का वितरण कर रही है।

### दुकान के शटर में करंट, झटका लगने से टेलर की मौत

**धमतरी।** करंट से एक टेलर की जान चली गई। टेलर अपनी दुकान खोलने गया था। शटर उठा ही रहा कि नमी के चलते सामने लगे ट्रांसफार्मर से उसकी दुकान के शटर में करंट पास हो गया। जोरदार झटका लगने से टेलर की मौत हो गई। घटना रामबाग की है। यहां पर पुलिया के पास गणेश चौक खोड़िया तालाब के पास रहने वाला दाऊलाल नामदेव उम्र 50 साल टेलरिंग शॉप चलाता है। रोजाना की तरह वह रविवार सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचा। बारिश के चलते मौसम में नमी थी। जैसे ही उसने दुकान का शटर उठाया उसी समय अचानक ट्रांसफार्मर से शटर में करंट सप्लाई हो गया। जिसके झटके से वह तुरंत गिर गया। तत्काल रक्तदान एंबुलेंस को बुलाकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि दुकान के पास ट्रांसफार्मर लगा है और पानी की वजह से दुकान तक करंट सप्लाई हो गया।

## भटगांव में कभी नहीं आया जल संकट, महज दस फीट में मिल जाता है पानी

- 900 मकानों के एवज में लगभग 1200 कुएं
- निस्तारी के साथ खेती बाड़ी में करते हैं पानी का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी से महज आठ किमी दूरी पर स्थित ग्राम भटगांव को कुंओं का गांव कहा जाता है। ग्राम भटगांव में 900 मकानों के एवज में लगभग 1200 कुएं हैं। इसका कारण है कि जमीन के महज 10 फीट अंदर से ही भरपूर पानी मिल जाता है, इसलिए यहां के ग्रामीण बोरवेल, नलकूप पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। जेठ के महीने में भी कुआं पानी से लबालब भरा रहता है।



ग्रामीण कुएं का पानी का उपयोग निस्तारी के साथ जानवरों को पानी पिलाने, बाड़ी में सब्जी भाजी के लिए करते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि पिछले 300 साल से यहां कभी जलसंकट नहीं आया है। पानी का मुख्य स्त्रोत नहर, गंगरेल रूद्री बांध है, जहां भूमिगत



जलस्त्रोत के माध्यम से पानी भटगांव की जमीन तक पहुंचता है। ग्रामीण मोहित देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, बलिराम देवांगन, रामदास देवांगन, रूपचंद ध्रुव, बहुरसिंग साहू, सुरेश महराज, निखिलेश, लोकेश, रोशन देवांगन ने बताया कि गांव में कभी जलसंकट नहीं आया है। गंगा मैया की कृपा से ग्रामीणों को बारहों माह पानी भरपूर मिलता है। 900 मकानों में प्रायः हर घर में कुआं है। कुछ लोगों के घर और बाड़ी में दो-दो कुएं हैं। खेतों में भी सिंचाई के लिए कुआं खुदवाया गया है। सरकारी कुआं रखरखाव अच्छा होने के कारण आज भी सुरक्षित है। ग्रामीण बताते हैं कि यहां की जमीन मुरूम, पत्थर वाली है। इसलिए जलस्त्रोत बड़ी तेजी से फैलता है। गंगरेल-रूद्री और नहर का भूमिगत जलस्त्रोत सीधे गांव की जमीन तक आता है। ग्रामीण शौक से कुआं खुदवाते हैं और उसे पक्का बनाकर मोटर पंप लगवाते हैं। पानी भरपूर मिलता है। कुआं से कितना भी पानी निकाल लो, कम होता ही नहीं।

ग्रामीणों का कहना है कि नल जल योजना आने के बाद लोग अब नलों का पानी पीते हैं। उससे पहले लोग कुआं का साफ व ठंडा पानी ही पीते थे। गांववालों को कभी जलजनित बीमारी नहीं हुई है। गांव में ऐसा कोई घर ही नहीं जहां कुआं न हो। कुएं की अधिकता के कारण इसे कुंओं का गांव कहा जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई गांवों में कुओं का अस्तित्व खत्म हो चुका है। जबकि इस गांव में लोग कुओं को धरोहर समझते हैं। कुआं खुदवाने का क्रम अब भी जारी है। पानी आपूर्ति का बड़ा साधन होने के कारण इसे लगातार संरक्षित करने का प्रयास होता है।

### उजाड़ हुए किचन गार्डन, संवारने के लिए फंड की कमी

## फिर बाजार की सब्जियों के भरोसे हुआ मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस बारिश में भी किचन गार्डन में हरियाली नहीं आएगी। स्कूल तो शुरू हो चुके हैं लेकिन इन किचन गार्डनों में सब्जी लगाने के लिए किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। कहीं पर फंड की समस्या है तो कहीं पर समितियों के सदस्यों में अनबन। ऐसे में जिले के 90 प्रतिशत किचन गार्डन घासफूस के जंगल में तब्दील हो गए हैं।

मिड डे मिल में स्कूली बच्चों को पौष्टिक हरी सब्जी उपलब्ध कराने की नीयत से लगाए गए किचन गार्डन बदहाल हो चुके हैं। इन स्कूलों में काफी मेहनत से किचन गार्डन डेवलप किया गया था। इधर उधर से फंड का जुगाड़ करके सब्जी उत्पादन की व्यवस्था की गई थी। यही नहीं उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी बीज मिनीकिट सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई। ये किचन गार्डन कुछ ही दिन चले। इसके बाद उजाड़ हो गए हैं। अब फिर से मध्यान्ह भोजन बाजार की सब्जियों के भरोसे चल रहा है। सस्ता सब्जी का जुगाड़ करने के चक्कर में कई जगहों पर क्वालिटी पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में फिर से शिकायत का दौर शुरू हो गया है। हालांकि कुछ गांवों में अभी भी किचन गार्डन को अपडेट रखा गया है, जहां पर नए सिरे से सब्जी उत्पादन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इन स्थानों पर गर्मी, बारिश, ठंड सभी मौसम में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। पानी की व्यवस्था भी पर्याप्त है।



फाइल फोटो

### 968 स्कूलों में बनाए गए थे किचन गार्डन

जिले में सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूल की संख्या 1355 है। इसमें से 968 स्कूलों में किचन गार्डन डेवलप किया गया था। 383 स्कूल ऐसे हैं, जहां पर जमीन, पानी आदि की कमी के चलते किचन गार्डन नहीं बनाया जा सका। सबसे ज्यादा किचन गार्डन नगरी ब्लाक के स्कूलों में बनाया गया। यहां पर कुल 402 स्कूलों में किचन गार्डन है। धमतरी ब्लाक के 282 स्कूल, कुरूद में 169 और मगरलोड के 115 स्कूल में किचन गार्डन बनाया गया था।

### कई जगहों पर विवाद सब्जी उत्पादन हुआ बंद

अधिकांश स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन वहां की महिला समूह करती है। सब्जी का उत्पादन इन समूहों की कुछ महिलाएं ही करती थीं। सब्जी बचने पर या स्कूल बंद रहने पर वे सब्जियों को घर ले जाती थी। यहीं से कई समितियों में विवाद शुरू हो गया और सदस्यों ने कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलने की स्थिति में सब्जी उत्पादन ही बंद कर दिया। मध्यान्ह भोजन में किचन गार्डन की सब्जियों के उपयोग होने पर समूहों का खर्च भी कम हो गया था, लेकिन सब्जी उत्पादन करने वाली महिलाओं को इसमें से कोई अतिरिक्त हिस्सा भी नहीं दिया जाता था। वहीं कई स्कूलों में सब्जी उत्पादन बंद होने के बाद फिर से उत्पादन शुरू करने के लिए फंड भी बचा था।

## चल रही थी अवैध रूप से प्रार्थना सभा



- हिन्दू संगठनों ने जमकर किया विरोध, कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टिकरापारा के एक भवन में चल रही प्रार्थना सभा का हिन्दू संगठनों ने जमकर विरोध किया। इस दौरान प्रार्थना सभा चला रहे लोगों ने हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर पेपर स्प्रेकर उन्हें भगाने की कोशिश की। इससे उनका गुस्सा और बढ़ गया। करीब चार घंटे तक उन्होंने वहां प्रदर्शन किया। हनुमान चालीसा पढ़ी। उन्होंने इस प्रकार की अवैध चंगाई सभा को बंद करने की मांग की।

रविवार को श्री राम हिन्दू संगठन सहित अन्य हिन्दू संगठन सूचना के आधार पर टिकरापारा स्थित एक भवन में पहुंचे, जहां पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इस सभा में बड़ी संख्या में हिन्दू धर्म के लोग भी शामिल थे। स्थिति को देखते हुए हिन्दू संगठनों ने इस प्रार्थना सभा का विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन सहित अन्य लोगों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काफी देर तक प्रदर्शन करने के बाद भी जब चंगाई सभा कराने वालों से बातचीत नहीं कराई और न ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई तो संगठन के सदस्यों का गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने वहीं पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिन्दू संगठन के प्रतीक सोनी ने कहा कि शहर में ही चार से पांच स्थान पर ऐसी चंगाई सभा संचालित की जा रही है। इन सभाओं के माध्यम से धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस सभा के लिए किसी प्रकार से अनुमति नहीं ली गई है। जब हिन्दू संगठन के सदस्यों ने इसकी जानकारी मांगी तो चंगाई सभा चलाने वालों ने उन पर मिर्ची स्प्रे कर दिया और दौड़ाया भी। हिन्दू संगठन के सदस्यों ने मांग की है कि इस प्रकार की सभाओं को प्रतिबंधित कर सभा आयोजित करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने पहले भी इसकी मांग की थी, लेकिन अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

## बारिश से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में मानसून सक्रिय है। रविवार को दिन भर रूक-रूककर हल्की बारिश का दौर जारी रहा। बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है। वहीं तापमान गिरने से लोगों को उमस से निजात मिली है। सोमवार से वर्षा गतिविधियों में तीव्रता आने की संभावना है।



मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। अगले दो दिनों के दौरान उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और झारखंड होते हुए उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ सकता है। मानसून द्रोणिका फिरोजपुर, सोनीपुर, अयोध्या, गया, पुरूबिया, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र तक स्थित है। एक अन्य द्रोणिका मध्यप्रदेश, उत्तर छग और उड़ीसा होते हुए कम दबाव वाले क्षेत्र तक विस्तारित है। इससे प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों में भारी से अतिभारी बारिश होने तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। तापमान अधिकतम तथा न्यूनतम 28 से 32 डिग्री पर रहने की संभावना है।

### जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 10 जुलाई को

**धमतरी।** कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी के पत्र के तारतम्य में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन 10 जुलाई बुधवार को दोपहर 4 बजे जिला कार्यालय धमतरी के सभा कक्ष में रखा गया है। बैठक में जिला स्तरीय एजेंडा तीन बिंदुओं पर चर्चा हेतु निर्धारित किया गया एवं संघ के एजेंडा की जानकारी जिला कार्यालय के वित्त शाखा में 30 जून तक संघ के लेटर पेड में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। ज्ञात हो काफी लम्बे समय से कर्मचारियों की समस्याओं को परामर्श दात्री समिति की बैठक मे रखें जाने की परम्परा खत्म हो गयी थी जिसे लेकर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा कलेक्टर धमतरी को पत्राचार कर परामर्शदात्री बैठक किये जाने की मांग की गयी। जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए परामर्श दात्री की बैठक 10 जुलाई को किये जाने का आदेश जारी किया है।

## दुर्घटना के लिए आखिर कौन जिम्मेदार होगा?



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के रुद्री रोड का नजारा किसी से नही छुपी है। दिन हो या रात, इस मार्ग में लावारिश मवेशियों का जमावड़ा रहता है। मवेशी के कारण रोज दुर्घटनाएं होती है। लगातार हो रही दुर्घटना के बावजूद न तो पशु मालिक, न निगम प्रशासन और न ही यातायात विभाग गंभीर दिखाई दे रहा है। यह तस्वीर बताता है कि संबंधित लोग कितने गंभीर हैं।

रूद्री रोड व्यस्ततम मार्गों में से एक है। इस सड़क में मवेशियों की वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है। कई हादसे का शिकार हो चुके हैं। फिर भी मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। इसके लिए सबसे ज्यादा मवेशी मालिक ही जिम्मेदार हैं। जो अपने जानवरों को खुले में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों पर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी तरफ अपनी जिम्मेदारियों से नगर निगम और यातायात विभाग भी नहीं बच सकता। हालांकि नगर निगम द्वारा मवेशियों की धर-पकड़ की जाती है। यह तस्वीर शनिवार सुबह ली गई है। जहां अमलतासपुरम के सामने मवेशियों का जमावड़ा देख सकते हैं। सुमित बाजार से अमलतासपुरम तक अक्सर हादसे होते रहते हैं। यहां स्टापर भी लगाए गए हैं। सबसे ज्यादा मुसीबत दुपहिया वाहन चालकों की होती है। क्योंकि ऐसे जानवर कभी भी दौड़कर सड़कों पर मुसीबत खड़ा कर देते हैं।

### इतवारी बाजार अपडेट : मौसमी सब्जी बोड़ा 400-500 रूपये व बरसाती सेमी 100-120 रूपये किलो

## चिल्हर बाजारों में सब्जियों के दाम चढ़े, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश लगते ही शहर के चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। इसका कारण सब्जियों की कम आवक को बताया जा रहा है। रेट बढ़ने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रूक-रूककर हो रही अनवरत बारिश से सब्जियों के छोटे पौधे, फल व भाजियां गलने लगी हैं। इससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। थोक मार्केट में शार्टेज की वजह से चिल्हर बाजार में इसके दाम चढ़ गए हैं। सब्जियों का रेट दोगुना होने से घरों का बजट बिगड़ने लगा है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे तेज बारिश की वजह से ग्राहकी कमजोर थी।



ग्राहकों ने छाता, रेनकोट पहनकर सब्जियां खरीदी। व्यवसायी भी अपना सामान तिरपाल से ढंककर रखे थे। बाजार में लिवाली कमजोर होने के बाद भी सब्जियों का रेट अधिक था। सब्जी विक्रेता सुमन सोनकर, यशोदा पटेल, विश्वासा बाई पटेल, चन्द्रकला सोनकर ने बताया कि रविवार को खेखसा 100 व मौसमी सब्जी बोड़ा 400-500 रूपये किलो रही। बरसाती सेमी 100-120 रूपये किलो बिकी। शिमला मिर्च, हरी मिर्च 80 रूपये किलो रही। मुनगा 100-120 रूपये किलो बिका। बरबटी, ढेंस, हरा धनिया, गोभी, करेला, ग्वारफल्ली 60 रूपये किलो रहा। भिंडी 50 रूपये तो कुंदरू, गाजर, डोड़का, तोराई, कोचई, परवल 40 रूपये किलो बिका। भटा, टमाटर, पत्तागोभी व मूली 30 रूपये रहा। कुम्हड़ा 20 में तो लौकी 10 रूपये किलो बिकी।

### पखवाड़े भर से आलू, प्याज 25 पर ही टिके



मौसमी हरी सब्जियों के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच किराना सामानों का रेट पखवाड़े भर से स्थिर है। रविवार को आलू प्याज जैसी सूख सब्जियों के दाम 25 रूपये किलो रहे। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी खड़ी 150-200, मिर्च खड़ी 180-250, धनिया 100-120, जीरा 280, काली मिर्च 680, लहसून 100, तेल रिफाइंड 130 रूपये पाउच, सरसों 80, मेथी 75, राहर दाल 90-110, मूंगदाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 85, देशी चना 70, काबुली चना 100-130, मटर सफेद 60, मटर हरा 120, चना दाल 85, पोहा 50, मसूर खड़ा 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन, प्रति नग 7 रूपये रहा।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज ने कवि सुरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ब्राम्हण समाज ने पद्मश्री कवि सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा



कि सुरेन्द्र दुबे का निधन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि समाज के लिये अपूरणीय क्षति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति का देश- विदेश में परचम लहराया। उनकी रिक्तता को पूरा प्रदेश महसूस करेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में जानकी प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, राम अवतार शर्मा, बीपी तिवारी, कमलनारायण तिवारी, अयोध्या पांडेय, कामता चौबे, चन्द्रशेखर दुबे, अजय त्रिपाठी, शत्रुघ्न पांडे, ललित शर्मा, रवि दुबे, नागेंद्र शुक्ला, राजेश तिवारी, राकेश दिवान, देवकांत द्विवेदी, मदन शर्मा, विनोद पांडे, प्रदीप शर्मा, लोकेश पांडेय, कमलेश तिवारी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आशीष शर्मा, रमेश पांडे, सुरेन्द्र पांडे, जीवानंद पांडे, जितेन्द्र पांडे, राजू महराज, यशवन्त शुक्ला, सुनील तिवारी, योगेश्वर उपाध्याय, विनोद शर्मा, अंगेश्वर मिश्रा, विनोद शर्मा, सूरज तिवारी, अमन पांडे, प्रदीप पांडे, राकेश तिवारी शामिल हैं।

### गुदगुदा के शाला परिसर में छायादार पौधों का किया गया रोपण

# ब्लाकस्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उमावि गुदगुदा में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू थे। अध्यक्षता जपं अध्यक्ष गितेश्वरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति शकुंतला रूपचंद देवांगन चारभाठा, सरपंच सोनम संजय साहू, एसएमसी अध्यक्ष एवन कुमार साहू, महेश ध्रुव थे। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकण्डरी की छात्राओं ने पारम्परिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

मौके पर मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभावान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गीतेश्वरी साहू ने ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित





किया। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न नये-नये कोर्स के साथ खुलने वाले रोजगारपरक संस्थानों की जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उमावि के विद्यार्थियों को पाठयपुस्तक और गणवेश का वितरण किया। अतिथियों ने इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों, राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट-गाइड, विद्यालयीन प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्र-छात्राओं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर में खेलकूद में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों की हौसला अफजाई की। इस दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण किट भी प्रदान किया गया। बीईओ चंद्रकुमार साहू ने नौनिहाल छात्रवृत्ति, विद्यालयीन प्रतियोगी परीक्षा, नवोदय, प्रयास व एकलव्य जैसे संस्थानों में ब्लाक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इसी तारतम्य में शासकीय उमावि गुदगुदा के प्राचार्य टेकराम सोनकर ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची, स्काउट-गाइड के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कार के साथ ही विद्यालय की उत्तरोत्तर शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाला परिसर में छायादार पौधों का रोपण किया गया। मंच संचालन व्याख्याता तरूण सिन्हा और आभार प्रदर्शन कुलेश्वर सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम में उपसरपंच हितेश सोनकर, एसएमसी अध्यक्ष भीमराम साहू, पवन साहू, बीईओ सीके साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक पीसी सेन, नान्हूराम कंवर, मनोज नेताम, प्राचार्य टेकराम सोनकर, डीपी देवांगन, बीआर साहू, तरूण सिन्हा, शेखरचंद्र ठाकुर, निलेश भारद्वाज, होमलाल देवांगन, संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, प्रधानपाठक चंद्रप्रभा बघेल, व्याख्याता शीला साहू, डेमिन साहू, जतीश सिन्हा, चंद्रिका यादव, शोभाराम साहू, अशोक साहू, निर्मल सोनी, बालमुकंद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्राम चिरपोटी में धूमधाम से रथयात्रा का पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम चिरपोटी गांव में लगभग 40-45 वर्षो से स्व. दाऊ दौव्वाराम साहू के परिवार द्वारा हर साल रथयात्रा के दिन बड़े धूमधाम से रथ निकाली जाती है, जिसमें श्री साहू के पूरा परिवार इकठ्ठा होकर इस पर्व को मनाते हैं। रथ श्री साहू के पैतृक निवास से बाजे गाजे के साथ राधा कृष्मंदिर तक निकाला जाता है। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को गजा मूंग की प्रसादी बांटी जाती है एवं रथ मंदिर पहुंचने के पश्चात सत्यनारायण की कथा एवं आरती पूजन की जाती है। रथयात्रा का पर्व ग्रामवासियों के सहयोग से बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस महापर्व में आसपास के गांव के श्रद्धालु भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं प्रभु की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य कमाने का लाभ उठाते हैं।

#### क्यों निकाली जाती है रथ यात्रा

स्कंद पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने एक दिन नगर देखने की इच्छा व्यक्त की तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी बहन को रथ पर बिठाकर नगर दिखाने निकले। इस यात्रा के दौरान वे अपनी मौसी गुंडिचा के घर गए और वहां सात दिनों तक रुके, तभी से जगन्नाथ रथ यात्रा की परंपरा शुरू हुई।

इस रथयात्रा में रघुनाथ साहू, महेश साहू, संत राम साहू, उत्तम साहू, मोरजध्वज साहू, पीताम्बर साहू, लाकेश साहू, तेजराम साहू, सोम साहू, राहुल साहू, सन्नी साहू, वेदप्रकाश, दक्ष कुमार, धैर्य कुमार,टिवेन्द्र, अयांश साहू आदि शामिल हुए।

# जाति और धर्म से ऊपर उठकर शिक्षा के लिए काम किया : शत्रुहन

- ओबीसी संयोजन समिति ने मनाई शाहू महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा सच्चे लोकतंत्रवादी समाज सुधारक कोल्हापुर रियासत के महाराज छत्रपति शाहू महाराज की जयंती सिन्हा समाज भवन कलारपारा कुरूद में मनाया गया ।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन साहू ने बताया कि छत्रपति शाहू महाराज मूलतः कुनबी (कुर्मी) समाज से थे। जिन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के कार्यों को आगे बढ़ते हुए अपने रियासत में सबसे पहले पिछड़ों के लिए शिक्षा में आरक्षण की शुरूआत किया। उन्होंने बताया कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर प्राथमिक शिक्षा



सबके लिए अनिवार्य किया। शाहू महाराज द्वारा पहली बार गैर ब्राह्मण को वेद पढ़ाने और सुनाने का अधिकार देकर क्रांतिकारी कदम उठाया और एक मराठा विद्वान को छत्रजगत गुरु (क्षत्रियों का विश्व गुरु) की उपाधि दिया। किंतु दुर्भाग्य है कि शाहू महाराज के विचारों को आज महत्व नहीं दिया जा रहा है।

कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अविनाश साहू ने छत्रपति महाराज के विचारों पर चलने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी समारू सिन्हा व आभार व्यक्त राम कुमार सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर टिकेश्वर साहू, सदानंद साहू, बसंत ध्रुव, गोकुलेश सिंन्हा, अयोध्या पटेल, नरेश सिन्हा, अविनाश साहू, डुमन साहू, शंकर भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शासकीय हाईस्कूल कसपुर में शाला प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय हाई स्कूल कसपुर विकास खंड नगरी जिला धमतरी में शासन के चलाए गए अभियान के परिपालन में शाला प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, विशेष अथिति शिवनाथ मरकाम जनपद सदस्य जनपद पंचायत नगरी बोधन सिंह मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत कसपुर रूपोंतीन बाई टैगोर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य आर.एम नागवंशी ने की। सर्वप्रथम माता सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना करने के बाद, छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं



गुलाल लगा कर किया गया।

सभी अथितियों ने अपने वक्तव्य में सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किए। नव प्रवेशी सभी बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उन्हें पुस्तक वितरण करके मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। कक्षा में प्रथम एवम्-द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 9वीं एवं 10वीं के बालक बालिकाओं को मोमेंटो प्रदान करके तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उनके द्वारा शाला परिसर पर वृक्षा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी स्टॉफ कन्या आश्रम कसपुर के स्टॉफ ठाकुर मैडम चौहान मैडम तथा हाई स्कूल कसपुर के स्टॉफ डीएस गौरे, एनएस राणा, एन पवार, आरडी टैगोर, के नेताम व्याख्याता गण वीपी साहू, पीडी कुलेश्वर, विमला शाक्षी सभी स्टॉफ के सदस्य गण उपस्थित थे ।

## अंचल की खबरें

### विंध्यवासीनी वार्ड में मोदी के मन की बात सुनी गई



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर ने अपने निवास में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई । इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा कि पीएम ने आज के इस एपिसोड में योग दिवस पर फोकस किया। हिन्दुस्तान में इमरजेंसी कैसे लगी। कैसे संविधान की हत्या की गई थी, उस बारे में मन की बात कार्यक्रम से बताया। तेलंगाना के भद्राचलम की महिला पहले रोजी मजदूरी काम करती थी पर अब मिलेट्स से बिस्किट बना रही है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही हैं। मन की बात कार्यकम में अलग अलग राज्यों में हिन्दुस्तान की खूबसूरती देखने और सुनने को मिलती है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर, शिव नेताम, दिनेश पटवा, श्याम सोनकर, वेदनारायण कुंभकार, लोकेश देवांगन, निलेश सोनकर, रमेश निर्मलकर, भव्या सोनकर उपस्थित रहे।

### सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मना



**जीजामगांव।** सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सरपंच श्रीमती रुचि देवांगन, सांसद प्रतिनिधि योगेश्वर सेन, विधायक प्रतिनिधि पेखन देवांगन, सदस्य रामविशाल साहू, रोहित साहू, थानसिंग यादव, पूर्व सरपंच अमृता देवांगन समेत पालकों ने शाला के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण भी हुआ।

### प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। समस्त अतिथियों और ग्रामीण जनों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को चन्दन से अभिषेक कर स्वागत किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रेमलाल ठाकुर एवं ग्राम पंचायत डांडेसरा के सचिव खेदन लाल निषाद ने कहा कि हमें शिक्षक का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए, जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। शासन के द्वारा दी जा रही मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश हमारे लिए उपहार है, इसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए। शाला में सिर्फ पढ़ाई लिखाई ही नहीं होती बल्कि संस्कार भी दिया जाता है, जिससे हम सब एक अच्छा इंसान बन सके, इसलिए खूब पढ़ लिखकर एक आदर्श इंसान बने, एक श्रेष्ठ नागरिक बने, यही हम सब की आकांक्षाएं हैं। सरपंच खुमेश्वरी साहू ने बच्चों को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, शाला समिति के अध्यक्ष राजनारायण दीवान, सुभाष ध्रुव, प्रेमनारायण टण्डन, टिकेश्वर साहू, भोलेश्वर यादव, आसीन कंवर, कमलेश्वरी साहू, पूर्णिमा कंवर, अमरीका सेन, हेमलता जोशी, शिक्षिका शहनाज़ बानो, अनिता साहू उपस्थित थे।

### मुरा में श्रद्धांजलि योजना की राशि दी

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा निवासी बोधी यादव की बहू के आकस्मिक निधन पर पंचायत की ओर से श्रद्धांजलि योजना के तहत 2000 रूपये दिए गए। 50 किलो अन्न भी दिया गया। मौके पर सरपंच राकेश साहू, पंच प्रतिनिधि प्रदीप साहू, तिलक



साहू, पंचायत ऑपरेटर रूपेंद्र साहू, भृत्य ओमप्रकाश समेत अन्य उपस्थित थे। मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

# नवप्रवेशियों को फूल माला पहनाकर किया स्वागत

- नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश, कापी, चॉकलेट एवं पाठ्य पुस्तक बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्राथमिक शाला मेचका व माध्यमिक विद्यालय मेचका, शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरी पारा मेचका में संयुक्त रूप से नए शैक्षणिक सत्र का शाला प्रवेश उत्सव 27 जून शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को फूल माला पहना कर गुलाल लगाकर स्वागत किया और गणवेश , कापी,चॉकलेट एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान किया एवं सभी को खीर पूड़ी खिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच मेचका जीवन



नाग, अध्यक्षता हेमानंद मरकाम, विशेष अतिथि भुपेंद्र नाग, सत्यवती साहू, जोहन नेताम, भगवान दीन, राजू पटेल, राजू सोरी, नरेंद्र नेताम, बस्तीमल मरकाम, परमेश्वरी मरकाम, उत्तरा ओटी, रामेश्वर वैष्णव, के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस दौरान मुकुंद ऋषि माध्यमिक शाला मेचका प्राचार्य अशोक बिसेन व प्राथमिक शाला डोंगरीपारा प्रधानपाठक राजाराम पुजारी ने शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा है कि सर्वेक्षित सभी बच्चों का निर्धारित समय में शाला प्रवेश कराए जाने का आग्रह किया तथा शिक्षा को ही जीवन का आधार बताया।

इस दौरान लक्ष्मीनाथ ओटी, जोहन नेताम, नरेंद्र नेताम, सीताराम नेताम, भूपेंद्र नाग, ठाकुरराम, भगवान दीन मरकाम, ओमकार नेताम, तुमेश मरई, राजू सोरी, बस्तीमल मरकाम, हेमानंद मरकाम, देवराम नाग, उत्तरा ओटी, सत्यवती साहू, सोहदरी वैष्णव, गिरजा बाई कुलदीप, तिलका यादव, धानबाई विश्वकर्मा, ईश्वरीय नेताम, परमेश्वरी मरकाम, ललीता नेताम, जन्यत्री नेताम, केशरीबाई ध्रुवा, रूखमणी नागेश, रोमबाई नेताम, चन्द्रहास वैष्णव, सहित ग्राम पंचायत मेचका के समस्त पंचगण, पालकगण, संदबहरा, खालगढ़, अरसीकन्हार के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर शाला परिवार से अशोक बिसेन प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, राजाराम पुजारी प्रपा प्राथमिक शाला मेचका डोंगरीपारा, चन्द्रकला कुंजाम शिक्षिका, पदुमलाल मानिकपुरी शिक्षक, मनहरण महमल्ला, महेश सोन संकुल समन्वयक मेचका उपस्थित रहे।

### चुरियारा पारा स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी में शाला प्रवेशोत्सव अश्वनी निषाद सभापति नगर पंचायत नगरी एवं नरेश छेदैहा विधायक प्रतिनिधि प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी के आतिथ्य एवं शाला विकास समिति उपाध्यक्ष श्रीमती पुनीता ध्रुव की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया।

इस अवसर पर अनेक व्यंजन भी बनाए गए थे। सभी छात्र छात्राओं को दो सेट में गणवेश वितरण किया गया। स्केनिंग के पश्चात पाठ्य पुस्तकों का वितरण अतिशीघ्र किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव छात्रों को स्कूल से जोड़ने और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है।

## निधन

### अशोक यादव

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी अशोक यादव 78 वर्ष का निधन 28 जून शनिवार को हो गया।



वे श्रीमती तीजिया बाई यादव के पति, सुनील यादव के भाई एवं मदन यादव, मंगलू यादव के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### कमला बाई जोगी

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी श्रीमती कमला बाई जोगी उम्र 75 वर्ष का 28 जून को निधन हो



गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे पूर्व सरपंच रमेश प्रसाद जोगी, महेश प्रसाद जोगी की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जाना बाई साहू

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी



जाना बाई साहू का 28 जून शनिवार को निधन हो गया। वे संतोष साहू, सुरेन्द्र साहू, नोहरू साहू की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### शोभायात्रा में श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ खूब थिरके, भक्तों को गजामूंग बांटा गया

# मेघा में निकली रथयात्रा, एक जोड़ा का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम मेघा में पटेल मरार समाज के तत्वावधान में रथयात्रा महोत्सव मनाया गया । डोंगाघाट मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभ्रद व बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर बाजे-गाजे के साथ गांव की गलियों में भ्रमण कराया गया। भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में देर शाम तक श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ थिरकते रहे। भक्तों को गजामूंग प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पटेल समाज मेघा ने डोंगाघाट लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार जितेंद्र पिता स्व. समारू पटेल मेघा व कन्या भुनेश्वरी







पिता रामकरण पटेल मेघा का आदर्श विवाह कराया। राज प्रमुखों सहित ग्राम प्रमुखों व ग्रामीण सामाजिकजनों ने वर-वधु को नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। आशीर्वाद प्रदान कर विवाह के साक्षी बने।

इस अवसर पर बारना राजाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष हरिलाल पटेल, सलाहकार सुखउ पटेल, राधु पटेल, रामचरण पटेल, तोरण पटेल, चम्मन पटेल, पटेल समाज मेघा अध्यक्ष चंद्रहास पटेल, काशी पटेल, ललित पटेल, दौलत पटेल, गणेश्वर पटेल, श्यामलाल पटेल, भीषम पटेल, गजेंद्र पटेल, भुवन, ईश्वर, रोशन, नारद पटेल सहित अनेक सामाजिकजन मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बारनाराज व सचिव पटेल समाज मेघा पुरूषोत्तम पटेल ने दी ।

## अंचल की खबरें

### ब्राम्हण समाज ने फलदार पौधे रोपे



**धमतरी।** ब्राम्हण समाज जिला धमतरी की तहसील इकाई ने समाज की भूमि सोरिदभाट में हल्की बारिश के बीच फलदार पौधों का रोपण किया। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी, वरिष्ठ सदस्य अनंत दीक्षित, भूपेंद्र मिश्रा, महेश शास्त्री, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश पांडेय, तहसील कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी, सत्येंद्र शर्मा, दीपक दुबे, जयप्रकाश झा, अमन कुमार पांडेय, राजकुमार तिवारी, दावेंद्र प्रसाद देवांगन मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी एवं आशुतोष शर्मा ने दी।

### गंगरेल मंडल अध्यक्ष ने सुनी मोदी के मन की बात



**धमतरी।** गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने भाजपा मंडल गंगरेल के ग्राम जवरगांव के बूथ क्रमांक 208 में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने जीवन में योग के महत्व को बताया। कहा कि अब लोग योग को अपना रहे हैं। उन्होंने आपातकाल कर जिक्र किया। बताया कि इमरजेंसी के दौरान लोगों के अधिकारों को छीना गया। लोकतंत्र की हत्या की गई। पीएम मोदी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सरपंच लीलाराम साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता हिंछाराम साहू, हेमंत साहू, कीर्तन साहू, कौशल साहू, भोलाराम साहू, जयराम सिंह, उप सरपंच मिलन साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### ऑटो पार्ट्स/ऑटो सेंटर संघ कोर्रा ने किया पौधारोपण



**अंवरी।** ऑटो पार्ट्स संघ कोर्रा ने अपने वार्षिक उत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए पूरे समाज को बहुत सुन्दर संदेश दिया। इस मौके पर संघ के सलाहकार टकेश साहू ने कहा कि जिस प्रकार गाड़ी में ऑयल जरूरी है उसी प्रकार पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। साथ ही संगठन को आगे बढ़ाने के लिए संघ के साथियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दाऊलाल साहू, उपाध्यक्ष धनेश साहू, सचिव दुर्गेश साहू, सहसचिव पप्पू साहू, धनेश, दुर्गेश, मुन्ना, टकेश, वंदना, प्रिया, पिंटू, शिवराज, लक्ष्मण, किशोर, युगल, राजू, शिवा, सन्नी यादव, कुलदीप, तुमेश्वर, सोमू, कीर्तन, जीवराखन, सोहन, तेजराम, छोटू, ओम, राधेश्याम, सौरभ, बुद्धेश्वर, डेमन, प्रताप सहित संगठन के सभी ऑटो सेंटर के साथी उपस्थित रहे।

### शोकाकुल शिक्षक परिवार को भेंट की गई संवेदना राशि



**कुरुद।** सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन कुरूद द्वारा अपने दिवंगत सहायक शिक्षक स्व.टीकम साहू जो कि प्राथमिक शाला सिर्वे में कार्यरत थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रोहिणी साहू को ग्राम मोंगरा पहुंचकर एकत्रित संवेदना राशि प्रदान की। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू ने बताया कि हमारी यह योजना जब से संगठन अस्तित्व में आया है तब से निरंतर जारी है और संगठन की कोशिश रहती है कि हम इस योजना के माध्यम से विषम परिस्थितियों में हमारे साथियों के साथ खड़ा रहकर उन्हें संबल प्रदान कर पाते है। इस अवसर पर मनोज साहू, फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकरदास मानिकपुरी, महिला प्रकोष्ठ सदस्य शिप्रा कन्नौजे, किरण साहू, मंजुलता साहू, वरिष्ठ सदस्य देवनाथ साहू, थानेश्वर कश्यप, ख़ुमेश्वर साहू, कामेश्वर साहू, खेमचंद देशलहरे एवं परिजन उपस्थित थे।

### शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को गणवेश और पाठ्यपुस्तक दी



**मगरलोड।** बुधवार को शासकीय माध्यमिक शाला करेली बड़ी में शाला प्रवेशोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल,शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, रीना साहू उपस्तिथ रहे। छठवीं कक्षा में प्रवेश करने वाले नवीन छात्र छात्राओं को गुलाल से टीका लगाकर मुंह मिठाकर प्रवेश दी गई। पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण अतिथियों के करकमलों से किया गया। सरपंच खेमलता साहू ने बच्चों को नियमित पाठशाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक थानेश्वर साहू,जागेश्वर निषाद का सम्मान कर विदाई दी गई। इस मौके पर प्रधानपाठक दानी राम साहू, संकुल समन्वयक घेवरचंद साहू, कोमल साहू, खेमलाल साहू, संदीप बंजारे, मोंगरा निषाद, कमलेश्वरी सोनकर समेत छात्र छात्राए उपस्थित थे।

### भाठागांव स्कूल के रासेयो छात्रों ने रोपे पौधे

**सिर्री।** शाउमावि भाठागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों व्दारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। संस्था के प्राचार्य ने पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। ममता वारदे ने पेड़ का जीवन पर असर और महत्व को विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी हरीश देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया।



## कुहकुहा में कुरूद तहसील के आदिवासी गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# शिक्षा दिलाती है मानसिक गुलामी से आजादी : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत कुहकुहा में आदिवासी गोंड समाज तहसील कुरूद का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। गोंड़ समाज की परंपरा अनुसार बाजे- गाजे के साथ आदिवासी वेशभूषा में गोंडी नत्य हुआ। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। अतिथियों ने बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि अक्सर मेरा आदिवासी समाज के बीच आना-जाना होते रहता है। महापुरुषों के वचनों को हमें आज याद करने की जरूरत है। हर युग में शिक्षा से ही क्रांति आई है, आज जिस तरह हमारा समाज मानसिक तौर पर गुलाम है इसकी आजादी के लिए शिक्षा की आवश्यकता है। महापुरुषों के विचारों से ही हमें प्रेरणा मिलती है। मानसिक गुलामी से आजादी हमें शिक्षा से ही मिल सकती है। 25 साल पहले कुरुद क्षेत्र में कॉलेज खुल गया। मगरलोड, सिलौटी, कुरूद, भखारा में भी कॉलेज खुल गया। इस वर्ष सिर्री कॉलेज खुलेगा, लेकिन आजकल बीए, एमए की पढ़ाई की उतनी मान्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि जितने पांच कॉलेज मैंने आपको बताएं हैं ये सब तकनीकी है। आज 10 मिनट के रास्ते में कुरूद विधानसभा में सारी शिक्षा उपलब्ध है।





अति विशिष्ट अतिथि आरएन ध्रुव ने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा। हमें समय के साथ शिक्षाग्रहण करने की जरूरत है तब हमारा समाज अन्य समाज के समानांतर खड़ा हो सकता है। आज हम लोग पढ़ाई लिखाई में पीछे हो गए हैं। हमारा समाज स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा गंभीर नहीं है। ज्यादा मृत्यु दर आदिवासी समाज की है। इस कारण हमें शराब से दूरी बनानी पड़ेगी। नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, देवेंद्र दीवान, अध्यक्ष कंवर पैकरा समाज भिलाई दुर्ग, नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग छग, ललित ठाकुर अध्यक्ष गोंड समाज तहसील कुरुद सहित समाज के पदाधिकारियों ने भी सभा को संबोधित किया। अतिथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के त्याग और बलिदान की चर्चा की। लोगों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक किया। मंच संचालन फलेंद्र नेताम किया। मौके पर रूपचंद देवांगन प्रतिनिधि सभापति जपं कुरूद, रूपेश निर्मलकर सरपंच कुहकुहा, लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला, संतोष सोरी, तेजराम छेदैया, राधेश्याम मांडवी, पोखराज नेताम, झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम कुंजाम, दीपक सोरी, बोधन छेदैया, भरोसा पड़ोसी, जन्मेजय ध्रुव, गायत्री मांडवी, राजकुमारी छेदैया, किरण छेदैया, सुरेंद्र ध्रुव, झम्मन छेदैया, संतोषी छेदैया, मेहतरीनबाई ध्रुव, ममता छेदैया, जागेश्वर ध्रुव सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

## गुदगुदा में आयोजित हुआ ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

■ छात्राओं द्वारा दी गई पारम्परिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शास. उमावि गुदगुदा में स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के तत्वाधान में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, अध्यक्षता जपं अध्यक्ष गितेश्वरी साहू तथा विशिष्ट अतिथि जपं सदस्य शकुन्तला रूपचंद देवांगन, सरपंच सोनम संजय साहू, एसएमसी अध्यक्ष एवन कुमार साहू, महेश ध्रुव थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और सरस्वती वंदना पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकण्डरी की छात्राओं द्वारा पारम्परिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा छतीसगढ राज्य की सांस्कृतिक छटा बिखेरी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक और उमावि के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया तथा बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में आने वाले मेधावी विद्यार्थियों, राज्यपाल पुरूस्कृत स्काउट-गाइड, विद्यालयीन प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्र-छात्राओं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर में खेलकूद में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खेल प्रतिभाओं को पुरूस्कृत कर दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण किट भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।





मुख्य अतिथि और शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष गौकरण साहू ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभावान मेधावी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। अध्यक्ष गितेश्वरी साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने वाले शिक्षकों और संस्था प्रमुखों की प्रशंसा करते हुए कुरूद जैसे छोटे से क्षेत्र में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न नये नये कोर्स के साथ खुलने वाले रोजगारपरक संस्थानों की जानकारी दी।

इस अवसर पर बीईओ सीके साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक पीसी सेन, नान्हूराम कंवर, मनोज नेताम, प्राचार्य टेकराम सोनकर, डीपी देवांगन, बी आर साहू, तरूण सिन्हा, शेखरचंद्र ठाकुर, निलेश, पद्मा बघेल, भारद्वाज, होमलाल देवांगन, दुर्गेश द्विवेदी सहित संकुल समन्वयक, प्राचार्यगण, प्रधानपाठक व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला कार्यकारिणी की बैठक अब सभी ब्लॉक में होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग कोसरिया यादव समाज जिला धमतरी की कार्यकारी बैठक ग्राम छाती के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में हुई। जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारी की उपस्थिति में कई बातों पर सहमति बनी। पूरे जिले में 50 घर से प्रति वर्ष देय होगा। जिला कार्यकारिणी की बैठक अब सभी ब्लॉक में रखी जायेगी। जिला कार्यकारिणी की आगामी बैठक नगरी सिहावा में सितंबर के प्रथम सप्ताह में होगी।

जिला महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का विस्तार एवं शपथ ग्रहण समारोह नगरी सिहावा में होगा। बैठक में संरक्षक नारायण यादव पुरी, नंद यादव, रामलाल यादव, जिला अध्यक्ष जोहन सिंह यादव, सचिव रामेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष बलदाऊ यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, लीलाराम यादव, दीनदयाल यादव, फग्गु राम यादव के अलावा नरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, चुनेश्वर यादव, सोहन यादव, शत्रुघन यादव, रवि यादव, अशोक यादव, झगरूराम यादव, दीपक यादव शामिल हुए।

भीतररास के बूथ क्रमांक 192 व 193 में हुआ मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

## मन की बात में मोदी जी ने आपातकाल की यातनाओं का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण ग्राम भीतररास के बूथ क्रमांक 192 और 193 में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता निकेश बिसेन के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों को याद करते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु बलिदान देने वाले वीर सेनानियों को नमन किया। उन्होंने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को स्मरण किया। गगनयान अभियान के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले शुशांत शुक्ला को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का भी आह्वान किया और नागरिकों से प्रकृति-संरक्षण में योगदान देने की अपील की।



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, उपसरपंच सुनील यादव, पूर्व सरपंच श्रीमती रंजना सूर्यवंशी, श्रीमती विद्या शांडिल्य, श्रीमती कुशमा कश्यप, मंयाराम गौर, सुमेरुचंद शांडिल्य, शिवदयाल शांडिल्य, गिरीश शांडिल्य, बीरेंद्र शांडिल्य, बूथ अध्यक्ष मदन सेन, जीवराखन श्रीमाली, बंधन साहू, विनोद नाग, दिलीप शांडिल्य, मिलेश बिसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक प्रधानमंत्री के विचारों को पहुंचाकर राष्ट्रहित में नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

## जिपं सभापति ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र का लिया जायजा

**धमतरी।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ग्राम करेठा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वहां के विभिन्न विकास कार्यों के विषय में चर्चा की। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया।

ग्रामवासियों ने उन्हें मां शीतला मंदिर के सौंदर्यीकरण, करेठा से रुद्री मार्ग, सार्वजनिक मंच में शेड निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। श्रीमती देवांगन ने विद्यालय में प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों से मुलाकात कर वहां की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों के साथ कुछ पल बिताए। भोजन मेनू एवं बच्चों की उपस्थिति के विषय में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न समस्याओं को दूर करने एवं विकास कार्यों के लिए भरसक प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, सरपंच लोकेश्वरी ध्रुव, मंडल मंत्री दयाराम सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।



## शिक्षक संघ के आनंद प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आनंद प्रसाद साहू



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला शाखा धमतरी का निर्वाचन नवीन चंद्राकर (प्रदेश निर्वाचन अधिकारी) जिला अध्यक्ष के निर्देशन में शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में शनिवार 28 जून को संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के पद पर आनंद प्रसाद साहू व्याख्याता शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय धमतरी चयनित हुए। सचिव के पद पर ओपी वर्मा प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला कन्या शिक्षा परिषद दुगली, कोषाध्यक्ष के पद पर दिनेश कुमार देवांगन व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल सोरिद चयनित हुए। उपाध्यक्ष के पद पर प्रमोद कुमार चंद्राकर व्याख्याता हाई स्कूल देवरी अशोक निर्मलकर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कुर्रा, ओपी साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला दरगहन, दयाराम साहू व्याख्याता सेजस भैंसमुडी, योगेश कुमार यदु व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल कसावाही, इसी प्रकार सह सचिव के पद पर नत्थेसिंह बिरोन, कोगल सिंह साहू, गहेंद्र सिंह ढालेंद्र, रामदयाल साहू, श्रीमती विनीता साहू कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रेखचंद्र लावत्रे, राजेंद्र कुमार सिन्हा, मोहन सिंह कुर्र, संतोष कुमार शर्मा श्रीमती केसरी दादर नियुक्त हुए।

निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात नव नियुक्त अध्यक्ष एपी साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से मैं आपके द्वारा दिए गए पद को अच्छी तरह से निर्वहन करने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर विकासखंड धमतरी के अध्यक्ष दयाराम साहू, नगरी विकासखंड के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोरझा, कुरुद विकासखंड के अध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा एवं मगरलोड विकासखंड के अध्यक्ष दीप कुमार साहू के साथ, देवेन्द्र दादर, रोहित कुमार साहू, नेकराम साहू, संतलाल उड़के, सतीश रंगारी, योगेन्द्र चंद्राकर, इंद्रजीत बागड़े, खुमान साहू, घनश्याम साहू, प्रकाशचंद्र सेन वेदकुमार साहू, नूतन चंद्राकर, हेमशंकर यादव, नारायपुरी गोस्वामी, उत्तमसिंह कोसरिया, होरीलाल साहू, सुरेश कुमार दीपक, शेषकुमार सोम, झन्नालाल शर्मा, रागचंद्र देवांगन, प्रदीप शर्मा के साथ चारों विकासखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## नशा उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट सेवा के लिए गोस्वामी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल भारतीय गायत्री परिवार धमतरी द्वारा नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी को सम्मानित किया गया। श्री गोस्वामी कई वर्षों से समाज में नशा के विरुद्ध निरंतर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वे नृत्य, साहित्य, कविता, गीत, नुक्कड़ नाटक जैसे रचनात्मक माध्यमों से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए युवाओं, विद्यार्थियों और बुजुर्गों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इस विशेष उपलब्धि के लिए आयोजित कार्यक्रम में रिसाईपारा वार्ड के पार्षद मेघराज ठाकुर, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य, खिलेश्वरी किरण, दिलीप नाग, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, राजकुमार साहू की उपस्थिति में श्री गोस्वामी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के परिजन, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्री गोस्वामी के सतत प्रयास की सराहना की।



नपं अध्यक्ष ज्योति ने जयपुर में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

## फिट रहेंगे तो जीवन में हिट होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने जयपुर में सुनी और उनकी बातों पर अमल करने का संकल्प लिया। मोदी ने कहा कि अमरनाथ यात्रा से जुड़े लोग सेवा के काम में जुड़ते हैं। जगह-जगह भंडारे अपने खर्चे से तीर्थ यात्रियों के लिए धर्मशालाओं की और रहने की व्यवस्था करते हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से शुभारंभ हुआ है। कैलाश मानसरोवर यानी भगवान शिव का धाम हिंदू सहित कई धर्म में, हर परंपरा में श्रद्धा और भक्ति का केंद्र माना गया है। 3 जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है और सावन का पवित्र महीना भी कुछ ही दिन दूर है।अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भी पूर्ण हुई है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब है।



कैलाश भक्ति और श्रद्धा का केंद्र कैलाश मानसरोवर यात्रा वापस शुरू होने वाली है। योग के प्रति लोगों का लगाव बढ़ा। योग दिवस पर दिव्यांगों ने योग किया। नौसेना की जहाज पर भी योग की झलक मिली। करोड़ों लोगों ने योग दिवस पर योग किया। योग की भव्यता दिनों दिन बढ़ रही है। दुनिया ने योग की ताकत पहचानी। मोदीजी ने शुभांशु शुक्ला से संवाद किया और अंतरिक्ष मिशन पर बात की। भारत की जनता ने इमरजेंसी में भी लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। मेघालय, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्यप्रदेश के बने प्रोडक्ट की जानकारी दी। विश्व पर्यावरण संरक्षण भी मन से करें। पौधे लगाएं। छोटी आदतों का संकल्प लें।

अरूण सुजुकी

अरूण सुजुकी को आकर्षक वेतन में निम्न पदों की
आवश्यकता है

| क्र. | विभाग | पद |
|---|---|---|
| 1. | ऑफिस मैनेजमेंट | 2 |
| 2. | टेली कालिंग (लड़की) | 2 |
| 3. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 |
| 4. | वर्कशॉप मैनेजर | 1 |

- संपर्क करें -
अरूण सुजुकी
बठेना नहर के पास, धमतरी

## खबर संक्षेप

### अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के नए सदर बने अनीस

**अंतागढ़।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के पूर्व सदर समद खान सहित कमेटी के सभी सदस्य ने शुक्रवार जुमा की नमाज से पूर्व इस्तीफा दिया। इसके बाद शनिवार की शाम समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमे नई वर्किंग कमेटी का गठन किया गया। समाज ने सर्वसम्मति से अनीस खान को सदर चुना और सेक्रेटरी मुनीर फरीदी, सदस्य शेख शरीफ कुरैशी, खलील खान, लतीफ खान, राजू खान, रऊफ खान को बनाया गया। समाज द्वारा चुने हुए सदस्य को एक नई ऊर्जा प्रदान करने व समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त सदर ने कहा कि पूरी कोशिश करूंगा की आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतर सकू और समाज के लिए जो भी बेहतरी हो सके करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व सदर समद खान, शोएब रजा, जहांगीर खान, हनीफ खान, अयूब खान, नियाज खान, निशार खान, एजाज खान, तबरेज रजा सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सुनी गई मन की बात

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे रविवार को मन की बात प्रभारी उमेश गुप्ता के निवास में अतिथि के रूप में संग्राम सिंह राणा एवं अविनाश सिंह गौतम की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम प्रभारी बंटू पांडेय के सहयोग से 123 वां एपिसोड सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस की बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ति किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। भारत देश में 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

लावारिस मवेशी सब्जियां चट कर जाते हैं, पुलिस और कैमरा के अभाव में अराजक तत्व कर रहे अपराध

# सब्जी बाजारों में अव्यवस्था से नाराजगी सुरक्षा एवं व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के सब्जी बाजारों की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। अव्यवस्था को लेकर सब्जी विक्रेता, नागरिक परेशान हैं। सुरक्षा घेरा, ग्रिल के अभाव में लावारिस मवेशी बाजार में घुसकर सब्जियां चटकर जाते हैं। भगाने पर मारने दौड़ाते हैं। धूप और बारिश से बचने शेड की व्यवस्था नहीं है। छत कमजोर है जिससे पानी टपकता है। कुत्तों का आतंक है। पार्किंग के अभाव में साइकिल, बाइक, चारपहिया वाहन यत्र-तत्र खड़े रहते हैं। सुरक्षा कर्मी व सीसीटीवी कैमरा के अभाव में आपराधिक घटनाएं हो चुकी है। शहर के इतवारी बाजार, गोल बाजार, रामबाग, बाकरा नाला सब्जी बाजार, सोरिद चौक बाजार बाजार, कोलियारी नहर किनारे मछली बाजार आदि स्थानों की स्थिति बिगड़ी हुई है। सब्जी विक्रेता मनोहर सोनकर, राजू सोनकर, मदन पटेल, संतोष धीवर, अनुसुईया सोनकर, गणेशिया सोनकर आदि ने बताया कि वे एक अर्से से बाजारों की स्थिति सुधारने निगम प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं। फिर भी व्यवसथा नहीं बन पाई। पेयजल, सुलभ शौचालय की पर्याप्त मात्रा में स्थापना, बिजली, चबूतरा, शेड, कैमरा, सुरक्षा गार्ड, पार्किंग आदि का अभाव है। लावारिस जानवरों का 24 घंटे बाजार में डेरा रहता है।

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सुरक्षाकर्मी और सीसीटीवी कैमरा के अभाव में असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाते हैं। चाकूबाजी, नकबजनी, पाकिटमारी आदि की घटनाएं हो रही है। कैमरा के अभाव में वे बच निकलते हैं। रात में नशेड़ियों का जमघट रहता है। पर्याप्त रोशनी के अभाव में कई घटनाएं हो चुकी हैं। रात में अराजक तत्व सामानों की चोरी कर लेता है। चबूतरा के नीचे बने सेफ्टी रूम का ताला रोज टूटता है। बची हुई सब्जियां, इलेक्ट्रानिक कांटा आदि सामानों की चोरी हो रही है। निगम के सफाईकर्मी 24 घंटे में एक बार सुबह आते हैं । इसके बाद का कचरा दिनभर बाजारों के आसपास डंप रहता है। बदबू आती है। कचरा जानवरों का चारागाह बन गया है। पार्किंग के अभाव में वाहन बाजार के सामने बेतरतीब खड़े रहते हैं जिससे अन्य लोगों को परेशानी होती है। इतवारी बाजार में सुरक्षा के लिए लगाई गई ग्रिल, जाली, लोहे के गेट को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया है। बारिश में बाजार परिसर में पानी भरा रहता है। सुरक्षा की ठोस व्यवस्था नहीं होने से व्यापारी, ग्राहक परेशान हैं। डस्टबिन के अभाव में कचरा यत्र-तत्र पड़ा रहता है।

गोलाबाजार के व्यापारी सुमन सोनकर, महिप पटेल ने बताया कि बाजार के चबूतरे व छत टूटी हुई है। बारिश में पानी टपकने से परेशानी होती है। बाजार के अंदर बारिश का पानी जाम हो जाता है। लावारिस मवेशियों का जमघट 24 घंटे रहता है। गोलबाजार की सुरक्षा के लिए कोई भी उपाय नहीं किया गया है। रेलिंग जाली के अभाव में सड़क के दोनों साइड वाहनों एवं अन्य विक्रेताओं का अवैध कब्जा है जिससे रोड संकरा हो गया है। यातायात जाम होता है। इतवारी बाजार में व्यवसायी व ग्राहक मधुमक्खियों के हमले से परेशान रहते हैं। सप्ताह में दो या तीन बार मधुमक्खियां बिदककर लोगों पर हमला कर देती हैं। इससे बाजार के लोगों में अफरा-तफरी मच जाती है। लोग जान बचाकर भाग जाते हैं। मधुमक्खियों को शांत होने में 4 से 6 घंटे का समय लगता है।

## पढ़ाई ही जीवन के विकास का आधार : सत्यप्रभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ सेहराडबरी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला शेहराडबरी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कक्षा छठवीं एवं पहली के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक वंदन कर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यप्रभा साहू जनपद सदस्य धमतरी ने बच्चों को पढ़ाई जीवन का महत्व बताया। उन्होंने कहा की पढ़ाई ही जीवन के विकास का आधार है। पढ़ाई से ही अच्छे छात्र, अच्छे छात्र से अच्छे नागरिक और अच्छे नागरिक से ही अच्छे देश का निर्माण होता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहने की बात कही।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय मारकंडे सरपंच ने कहा कि मनुष्य के सबसे अच्छे समयों में विद्यार्थी जीवन होता है। विद्यार्थी जीवन में ही हम जीवन जीने की कला सीखते हैं। मौके पर उपसरपंच लतखोर साहू, पूर्व सरपंच किशोर साहू, भारती टंडन पंच, रीना साहू पंच, लुकेश्वरी साहू पंच, शाला विकास समितिअध्यक्ष श्रीमती तुकेश्वरी साहू, प्रधानाध्यापक जीआर साहू, आरआर साहू, कुंजलाल साहू, शिक्षक श्रीमती रेखा सेन, नाहरसिंह नेताम, दौलत राम ध्रुव, शैलबाला महावर, चंद्रिका सोनी, दुरपत बंदे, दुलेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

## धीवर समाज : अछोटा, बरारी, शकरवारा के पंच चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



धीवर समाज में संगठन चुनाव के अनुक्रम में ग्राम अछोटा में आयोजित बैठक में ग्राम अछोटा, सकरवारा एवं बरारी के लिए पंच, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का चुनाव किया गया। अछोटा के लिए गैंदलाल कोसरिया, लीलेन्द्र सोनवानी, ग्राम शकरवारा के लिए संतोष ओझा एवं बरारी के लिए नंदकुमार सोनवानी सर्वसम्मति से पंच चुने गए। युवा प्रकोष्ठ में अछोटा से हुलास कोसरिया, रुपेन्द्र सोनवानी, लीलेश्वर सोनवानी एवं प्रदीप फूटान, बरारी से आकाश सोनवानी एवं मुकेश कुमार कोसरिया सकरवारा चुने गये।

महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती संतोषी कोसरिया(सरपंच), भुवनेश्वरी फूटान अछोटा, दुर्गा ओझा शकरवारा, भुनेश्वरी सोनवानी बरारी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक में बच्चों की शिक्षा और उच्च शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पालकों की निगरानी समिति बनाकर बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। घर-परिवार के माहौल को अध्ययन के उपयुक्त बनाने के लिए नशामुक्त समाज बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाने पर भी विचार किया गया।

धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि सामाजिक संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत एवं सक्रिय किए जाने की बेहद आवश्यकता है। नवनिर्वाचित पंचों, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को एक दिवसीय कार्यशाला लगाकर सामाजिक कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसे समाज को अनुभवी एवं निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता प्राप्त होंगे जिससे समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

बैठक में नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष, सोहन धीवर सचिव, सोनू नाग कोषाध्यक्ष, यशवंत कोरिया अध्यक्ष मत्स्य सहकारी समिति, राजू ओझा, निर्मल फूटान, तीरथ फूटान, गैंदलाल कोसरिया, रामधन कोसरिया, रामचरण फूटान, पुनीत फूटान, प्रदीप फूटान, फिरतुराम फूटान, सुरूज बाई फूटान, शत्रुघ्न कोसरिया, लीलेश्वर कोसरिया, भुवनेश्वर कोसरिया, माखन कोसरिया, परमेश्वर कोसरिया, लीलेंद्र सोनवानी, निराशाबाई सोनवानी, रत्नेश सोनवानी, परमानंद कोसरिया, संतोष ओझा, संतराम ओझा, नंदकुमार सोनवानी, विजय सोनवानी एवं रवि सोनवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

## सेजेस कंडेल में शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविकांत साहू अध्यक्ष एसएमडीसी, गिरधर सार्वा सरपंच ग्राम पंचायत कंडेल, श्रीमती मीता कौशिक सरपंच ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी, हेमलाल बंजारे उपसरपंच पीपरछेड़ी, प्रद्युमन नगारची, सांसद प्रतिनिधि, नारायण साहू, योगेश्वर साहू थे। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में जो नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन को भी जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। प्राचार्य राहुल नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि शासन के आदेशानुसार इस वर्ष शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल निशुल्क पाठ्य पुस्तक छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में प्रदान करना शासन का उद्देश्य है। उपस्थित अतिथियों एवं पालकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष यादव व्याख्याता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसके साहू, सी एल धीवर, हेमलता सोनी, वी के कुर्रे, छत्रपाल पटेल, रितेश कुसुम साहू आदि उपस्थित थे।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर मे काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## नन्हीं पर्यावरण संरक्षक : खुशिका साहू ने गर्मी की छुट्टी को किया एक पेड़ माँ के नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद की कक्षा पांचवीं की छात्रा खुशिका साहू ने अपनी मेहनत और संकल्प से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल कायम की है। गर्मी की छुट्टियों में खुशिका ने हर रोज 1-2 घंटा समय दे कर परिवार के सहयोग से पपीते और काली हल्दी के हजारों पौधों की नर्सरी तैयार की। स्कूल खुलने पर, खुशिका ने अपने स्कूल को लगभग एक हजार पपीते और काली हल्दी पौधे भेंट किए। इन पौधों को न केवल स्कूल परिसर में लगाया गया, बल्कि लगभग 700 छात्रों को अपने घरों में लगाने के लिए भी दिया लगाया। इसके अतिरिक्त पौधों को अन्य स्कूलों में भी वितरित किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में 200 पौधे दिए गए। प्रिंसिपल ग्लोरिया मिंज का कहना खुशिका ने अपनी उम्र से बड़े काम कर दिखाए हैं। उसकी मेहनत और संकल्प को देखकर पूरा स्कूल गर्व महसूस कर रहा है। यह पहल अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेगी।

खुशिका के पिता तुमनचन्द साहू एवं माता रंजीता साहू पर्यावरण संरक्षण हेतु हजारों पौधे स्कूलीय बच्चों को बाँट चुके हैं। इस बार खुशिका को गर्मी की छुट्टी में यह लक्ष्य दिया गया था कि जब स्कूल खुले तो वह अपने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को एक एक पौधा "एक पेड़ माँ के नाम" से उपहार देवे। पापा-माँ के बताए अनुसार बहनों की मदद से पौधे की नर्सरी तैयार की गई और अब स्कूलों में दे रहे है। हर पल हर क्षण, पर्यावरण संरक्षण- का संस्कार मंत्र वे अपने बच्चों को दे रहे है। उन्होंने एक छत्तीसगढ़ी में नारा बनाया है -पेड़ लगाबो तभे तो फल खाबो- फल तभी मिलेगा जब पेड़ लगाया जाएगा। खुशिका साहू का यह प्रयास छोटे बच्चों और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उसकी पहल न केवल हरियाली बढ़ाने में मदद कर रही है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम भी बन रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगांव
10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## मोदी के मन की बात कार्यक्रम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : मोटवानी

**धमतरी।** आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने पारिवारिक वातावरण में अपने बच्चों के साथ पीएम मोदी के मन की बात का श्रवण किया। श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता के साथ रूबरू होते हैं। 123वें एपिसोड में मोदी जी ने 21 जून के योग को विश्व सर्व स्वीकार्यता के भाव को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए आपातकाल को याद किया। इसे भारत के इतिहास का काला दिवस बताया। 3 जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ सावन माह के पूर्व भगवान भोले भंडारी के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ देश की कावड़ यात्रा को सबसे बड़ा उत्सव बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने चारों तरफ धार्मिक उल्लास तथा आस्था व श्रद्धा को भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की धरोहर बताया। अंतरिक्ष में जाने वाले सुशांत शुक्ला की प्रशंसा की। पार्षद तथा नगर निगम के एमआईसी मेंबर श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात ने सावन के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देशवासियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।



## उड़ गया ठहाका का परिंदा

**धमतरी।** सिरजन लोक कला, रेडियो श्रोता संघ व जिला साहित्य संस्था ने दी पद्मश्री सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि दी। संगीता मानिकपुरी अध्यक्ष सिरजन लोककला साहित्य संस्था ने कहा कि अपने हास्य व्यंग्य, कविता के माध्यम से लोगों को हंसाने गुदगुदाने वाले पद्मश्री डा सुरेन्द्र दुबे का असमय अवसान हो जाने से छत्तीसगढ़ की धरती सूनी हो गई। वे साहित्य जगत कला जगत को शोक संतप्त कर दिया। वे पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे किन्तु उन्होंने साहित्य को जीवन में आत्मसात किया। उन्हें वर्ष 2010 में भारत सरकार ने विशेष सम्मान पद्मश्री से नवाजा। वहीं 2015 में शिकागो में छत्तीसगढ़ रत्न अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड सहित देश विदेश के बड़े बड़े मंचों में बेहतरीन और प्रभावी कविता पाठ के लिए अनेकों राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में सिरजन के प्रांताध्यक्ष डा दीनदयाल साहू भिलाई, केन्द्रीय प्रतिनिधि डा ईश्वर तारक रायपुर, संस्थापक गौकरण मानिकपुरी, संरक्षक सेवक ठाकुर, तुलेश्वर घृतलहरे, संगीता मानिकपुरी अध्यक्ष धमतरी, संरश्रक कोमल दास मानिकपुरी ललिता यादव, सिरजन साहित्य परिषद अध्यक्ष हलधरनाथ जोगी, उपाध्यक्ष महेश्वरी सिन्हा, बाबूलाल साहू, रुक्मणि दीवान, गिरवर ध्रुव, बुधारु यादव, गंगाबाई मानिकपुरी, खेम बाई, निषाद, यशकुमार साहू, चैतूराम तारक, यशोमति सेन, पवनकुमार घृतलहरे, समुन्दा सिन्हा, विजय पटेल, दशरथ तारक, विनोदराम, कृष्ण सेन, माधवराम समेत अन्य हैं।



■ सिरजन लोक कला, रेडियो श्रोता संघ व जिला साहित्य संस्था ने दी पद्मश्री दुबे को श्रद्धांजलि

### सशिमं छाती में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पन्न

**पुरी(धमतरी)।** सशिमं छाती में अंतरराष्ट्रीय योग शिविर वर्ष 2025 को प्रातः शुभारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों भाई एवं बहन शामिल हुए थे एवं सशिमं के समस्त स्टाफ प्रबंधकारणी पदाधिकारी एवं सदस्य गण भी शामिल हुए। योग के महत्व को बढ़ावा देने के लिए यह योग का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी सशिमं के सचिव नरेंद्र कुमार साहू छाती ने दिया।

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रू. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रू. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रू. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रू. |
|  | टोटल - 1220/- रू. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रू. |

— दवाई मिलने का स्थान —
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट् परामर्श हेतु उपलब्ध
1 जुलाई, मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरुद
2 जुलाई, बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय सुबह 10 से 3 बजे तक
— मूत्र एवं किडनी रोग —
क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
रात में बार-बार पेशाब जाना
● पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
● प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
● मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
● अंडकोष में सूजन (Hydrocele,Varicocele)
● पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
● क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
यौन रोग
पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction
12000 से अधिक मरीजों का सफल इलाज 15 वर्ष का अनुभव
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581